DAILY NEWS BULLETIN

LEADING HEALTH, POPULATION AND FAMILY WELFARE STORIES OF THE DAY

Thursday 20210107

कोरोना टीकाकरण

कोरोना टीकाकरण के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक तैयारियां मुकम्मल, देखें किस राज्य में वैक्सीन को लेकर क्या है प्लानिंग (Hindustan: 20210107)

https://www.livehindustan.com/national/story-coronavirus-vaccine-updates-india-is-ready-for-covid19-vaccination-drive-know-preparation-of-these-states-3729461.html

कोरोना वायरस को हराने के लिए देश में दो टीकों को मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद राज्यों ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहले चरण में तीन करोड़ लोगों को वैक्सीन दी जानी है। केंद्र सरकार की ओर से मंजूरी मिलते ही संभवत: जनवरी के दूसरे सप्ताह से टीका लगाने का काम शुरू हो जाएगा। तो चलिए जानते हैं कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश के विभिन्न राज्यों ने वैक्सीनेशन अभियान को लेकर कैसी तैयारियां कर रखी है। राज्यों की तैयारियों पर पेश है यह विशेष रिपोर्ट...

महाराष्ट्र :-पहले चरण में 7.58 लाख कोविड वॉरियर्स को टीका लगाया जाएगा। इसके लिए जिलावार स्वास्थ्यकर्मियों की सूची केंद्र सरकार को भेजी गई है।

-सरकार ने टीका लगाने के लिए 18,000 स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है। 4200 केंद्र और 3145 कोल्ड चेन सिस्टम स्थापित किए गए हैं।

-मुंबई के जंबो कोविड फैसिलिटी को भी वैक्सीन केंद्र में बदला जाएगा।

उत्तर प्रदेश: 9 लाख स्वास्थ्य कर्मचारियों का पंजीकरण किया गया है पहले चरण में टीके के लिए।

-1 दिन में तीन लाख स्वास्थ्य कर्मियों को टीका दिया जाएगा।

-5 जनवरी को सभी जिलों में छह-छह केंद्र बनाकर सफल पूर्वाभ्यास किया गया।

-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में कहा था कि मकर संक्रांति पर टीकाकरण शुरू हो सकता है

-टीकाकरण अभियान सफल बनाने के लिए राज्य सरकार ने टास्क फोर्स का गठन किया है

उत्तराखंड: सरकार ने 54 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों का डाटा केंद्र सरकार को भेजा है।

-नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह मरतोलिया ने कहा, जनवरी के दूसरे सप्ताह तक टीके उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है।

-दूसरे चरण में 50 साल से ऊपर की उम्र के लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी, इसका डेटा जल्द ही केंद्र सरकार को भेजा जाएगा

बिहार : 4.39 लाख स्वास्थ्य कर्मियों को पहले चरण में वैक्सीन दी जानी है।

-इसके बाद पुलिस कर्मी, जनप्रतिनिधि से लेकर तमाम सरकारी कर्मियों को दिया जाएगा

-14,724 लोगों को टीका लगाने का प्रशिक्षण दिया गया है

-जिला स्तर तक कोल्ड चेन इक्वीपमेंट का उपयोग किया जाएगा

-केंद्र से 539 डीप फ्रीजर, 432 आइस लाइंड रेफ्रिजरेटर, 8 वॉक कूलर और 2 वॉक फ्रीजर दिए गए हैं। इसमें से 423 आइस लाइंड रेफ्रिजरेटर जिलों को बांटे गए हैं

हरियाणा :राज्य में 7 जनवरी को टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया जाएगा

-19 हजार टीका केंद्र तैयार किए गए जबकि 5145 लोगों को टीका लगाने का प्रशिक्षण दिया गया है।

-अतिरिक्त मुख्य स्वास्थ्य सचिव राजीव अरोड़ के अनुसार, 1.90 लाख लोगों को कोविन एप पर पंजीकृत कर डाटा केंद्र सरकार को भेजा गया है

झारखंड :2.5 लाख स्वास्थ्य कर्मचारियों को पहले चरण में टीका लगाया जाएगा

-टीके के भंडारण के लिए सभी वेयरहाउस को तैयार कर लिया गया है

-रेफ्रिजेरेटेड वैन के जरिए स्वास्थ्य केंद्रों तक टीका पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है

जम्मू-कश्मीर: 1 लाख स्वास्थ्यकर्मियों के टीकाकरण की तैयारियां की हैं प्रशासन ने पहले चरण में

-4 चरणों में पूरा किया जाना है यहां वैक्सीन लगाने का काम

-कुल 5000 से अधिक को प्रशिक्षित किया गया। 4,000 जगहों पर टीकाकरण केंद्र बनाए गए

-987 आइस-लाइन्ड रेफ्रिजरेटर, 795 डीप फ्रीजर, 11 सौर ऊर्जा से चलने वाले रेफ्रिजरेटर, पांच वॉक-इन कूलर और एक वॉक-इन फ्रीजर का इंतजाम

-प्रत्येक टीकाकरण स्थल पर प्रतिदिन कम से कम 100 व्यक्तियों को टीका लगाए जाने की योजना है

-नोडल अधिकारी काजी हारून ने कहा, प्रशासन पहले चरण के टीकाकरण के लिए पूरी तरह तैयार

राजस्थान : -7 जिले में 19 जगहों की पहचान की है जहां कोरोना का टीकाकरण किया जाएगा

- पहले चरण में 5 लाख लोगों को टीका देने की तैयारी की गई है

-स्वास्थ्य मंत्री रघु शर्मा के अनुसार, केंद्र से मंजूरी का इंतजार है

गुजरात :-सरकार ने पहले चरण के कोरोना टीकाकरण के लिए 4.31 लाख हेल्थ वर्कर्स की पहचान की है

-6.3 लाख फ्रंट केयर वर्कर को भी पहले चरण के दूसरे हिस्से में कोरोना का टीका दिया जाएगा

-राज्य टीकाकरण पर आने वाला खर्च खुद वहन करने की योजना बना रहा है

पश्चिम बंगाल: -पहले चरण में 6 लाख हेल्थ केयर वर्कर्स को वैक्सीन दी जानी है

-इसके लिए 20 हजार वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं

-राज्य के कोल्ड चेन को दुरुस्त कर लिया गया है और डाटाबेस तैयार कर लिया है

-स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम के अनुसार केंद्र सरकार से मंजूरी मिलते ही टीकाकरण शुरू हो जाएगा

असम :-यहां 1.50 लाख लोगों को टीका दिया जाना है

-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक एस.लक्ष्मण के अनुसार, केंद्र से टीके की कितनी डोज मिलेंगी इस बारे में निर्देशों का इंतजार है

कर्नाटक: -स्वास्थ्य मंत्री डॉ.के. सुधाकर के अनुसार, सभी कोरोना वॉरियर्स को टीका निशुल्क लगाया जाएगा

-टीकाकरण के लिए राज्य में मौजूदा बुनियादी ढांचे का इस्तेमाल होगा। साथ ही केंद्र अतिरिक्त बुनियादी ढांचे को बढ़ाएगा

-उम्मीद है कि जनवरी में ही वैक्सीन मिल जाएगी। आगे के लिए हम केंद्र के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं

पंजाब:-1.60 लाख लोगों को पहले चरण में टीके की डोज दी जाएंगी

-कोविड नोडल अधिकारी डॉ. राजेश भास्कर के अनुसार, हमारी सभी तैयारियां पूरी हैं, लेकिन केंद्र से दिशा-निर्देशों का इंतजार है

-स्वास्थ्य सचिव हुसन लाल ने कहा कि कुल 70 लाख लोगों को चरणबद्ध तरीके से वैक्सीन दी जाएगी

छत्तीसगढ़: -पहले चरण में टीका देने के लिए 2.54 लाख स्वास्थ्यकर्मियों का पंजीकरण किया गया है

-21 जिलों में सात और आठ जनवरी को टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। सात जिलों में पूर्वाभ्यास पूरा हो चुका है।

-स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बताया कि केंद्र से दिशानिर्देशों के बाद ही पता लग सकेगा कि टीके की कितनी खुराक मिलेंगी।

मध्य प्रदेश :-करीब 4.5 लाख लोगों को पहले चरण में कोरोना का टीका लगाया जाना है

-नोडल अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि टीका लगाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में लगाए जाएंगे

-केंद्र सरकार की मंजूरी मिलते ही दो दिन के भीतर टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा

तमिलनाडु :-6 लाख स्वास्थ्य कर्मियों को पहले वैक्सीन दी जाएगी

-5 जिलों में ड्राई रन कर सफल पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें करीब 2100 लोग शामिल हुए

-5000 से अधिक डीप फ्रीजर तैयार किए गए हैं टीके के भंडारण के लिए

आंध्र प्रदेश : -पहले चरण में 1.70 लाख फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स को टीका लगेगा

-भंडारण और वितरण के लिए सरकार कोल्ड चेन व्यवस्था को मजबूत बना रही है

तेलंगाना : -कोविन एप पर पंजीकरण जनवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू किया जाएगा

-5 लाख टीके की खुराक मिलने की उम्मीद है केंद्र सरकार से

-10 हजार टीकाकरण केंद्र तैयार कराए जा रहे हैं राज्य सरकार की ओर से

केरल: -स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा के अनुसार, टीकाकरण के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं

-सक्रिय मामले और मौतें रोकने में हम बहुत हद तक सफल रहे हैं

-संक्रमण के मामले ज्यादा आने की वजह से केंद्र से अधिक खुराक मिलने की उम्मीद है

कोरोना वैक्सीन लगवाने को तैयार नहीं 69 फीसदी भारतीय, यह है हिचकिचाहट की वजह (Amar Ujala: 20210107)

https://www.amarujala.com/india-news/69-percent-people-not-ready-for-corona-vaccination-know-all-reasons?src=foryou&pageId=5

देश में कोरोना टीकाकरण की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। लोग खुशी-खुशी वैक्सीनेशन के लिए आगे आ रहे हैं, लेकिन देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिनके दिल-ओ-दिमाग में टीकाकरण को लेकर हजारों सवाल हैं। यहां तक कि ऐसे लोग कोरोना का टीका लगवाने के लिए तैयार ही नहीं हैं। दरअसल, ऐसे लोगों की संख्या देश की कुल आबादी की 69 फीसदी है और यह खुलासा एक सर्वे में हुआ। लोगों ने इस सर्वे के दौरान अपनी हिचकिचाहट की वजह भी बताई।

सरकार कर चुकी ड्राई रन

गौरतलब है कि मोदी सरकार देशभर के 125 जिलों में तीन जनवरी को कोरोना वैक्सीन का ड्राई रन कर चुकी है। इस दौरान एंड-टु-एंड मॉक ड्रिल किया गया। हालांकि, इस दौरान काफी लोगों ने कोरोना का टीका लगवाने से हिचकिचाहट भी जाहिर की, जिसके लिए उन्होंने कई तरह की चिंता जताई। बता दें

कि इस सर्वे के दौरान देश के 224 जिलों में बसने वाले लोगों की करीब 18 हजार से ज्यादा प्रतिक्रियाएं मिलीं। जवाब देने वालों में 69% पुरुष थे, जबकि 31 फीसदी महिलाओं ने भी सर्वे में हिस्सा लिया। वहीं, 51 फीसदी लोग टियर 1 शहरों से, 31 फीसदी लोग टियर 2 शहरों से और 18 फीसदी लोग टियर 3-4 के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों से थे।

इन टीकों पर लोगों को भरोसा

बता दें कि अब तक फाइजर-बायोएनटेक, ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका और मॉडर्ना इंक की वैक्सीन फ्रंट रनर के रूप में सामने आई हैं। इस बीच भारत सरकार ने देसी वैक्सीन कोवैक्सीन और कोविशील्ड को भी हरी झंडी दे दी है। हालांकि, लोगों को फाइजर, एस्ट्राजेनेका और मॉडर्ना की वैक्सीन पर ज्यादा भरोसा है। सर्वे के मुताबिक, 61 प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकार कोरोना की रोकथाम के लिए फाइजर और मॉडर्ना की वैक्सीन का ही इस्तेमाल करे।

इस वजह से हिचकिचा रहे लोग

अब हम आपको बताते हैं कि कोरोना वैक्सीन लगवाने से आखिर लोग हिचकिचा क्यों रहे हैं? लोकल सर्वे नामक कंपनी की ओर से किए गए इस सर्वेक्षण के मुताबिक, अब तक 69 प्रतिशत लोग कोरोना वैक्सीन लगवाने से इनकार कर चुके हैं। दिसंबर 2020 के बाद ऐसे लोगों से जब जनवरी 2021 में बात की गई तो भी उन्होंने अपनी राय नहीं बदली। उनका कहना है कि वे वैक्सीन के दुष्परिणाम यानी साइड इफेक्ट को लेकर ज्यादा परेशान हैं। इसके अलावा भारत जैसे देश में जनसंख्या, बुनियादी ढांचा, आपूर्ति, वितरण के अलावा भंडारण और सामर्थ्य आदि मसलों को लेकर भी वे अभी वैक्सीन लगवाने के पक्ष में नहीं हैं।

बच्चों के टीकाकरण पर लोगों की राय

गौरतलब है कि ड्रग कंट्रोलर ने 12 साल से ऊपर के बच्चों को दवा देने के लिए भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को ग्रीन सिग्नल दिया है। इस मुद्दे पर जब सर्वे किया गया तो सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों ने ही अपने बच्चों को कोविड-19 वैक्सीन लगवाने की इच्छा जाहिर की। वहीं, 56 फीसदी अभिभावकों का कहना था कि वे करीब तीन महीने तक वैक्सीन के आंकड़े और परिणाम देखने के बाद ही विचार करेंगे। इनके अलावा 12 फीसदी लोगों ने अपने बच्चों को वैक्सीन लगवाने से साफ इनकार कर दिया।

लोगों से पूछे गए ऐसे सवाल

सर्वे कंपनी ने लोगों से पूछा कि देश में कोविड-19 टीकाकरण शुरू होने वाला है। ऐसे में वैक्सीनेशन को लेकर आपकी क्या राय है? कंपनी ने सामने आठ विकल्प रखे।

मैं एक स्वास्थ्यकर्मी या फ्रंटलाइन कार्यकर्ता हूं और सरकार के माध्यम से इसे प्राथमिकता पर पाऊंगा।

वैक्सीन प्राप्त करने के लिए तीन से छह महीने इंतजार करेंगे।

टीका लगवाने के लिए 6 से 12 महीने तक इंतजार करेंगे।

साल 2022 में ही टीका लगवाएंगे।

टीकाकरण नहीं कराएंगे।

निजी हेल्थकेयर चैनलों के माध्यम से उपलब्ध होते ही टीका लगवा लेंगे।

किसी भी हेल्थ केयर चैनल के माध्यम से उपलब्ध होते ही टीका प्राप्त कर लेंगे।

अभी कुछ नहीं कह सकते।

Diet/Nutrition

आंवला जूस का सेवन कब और कितनी मात्रा में करना चाहिए, आयुर्वेद के अनुसार जानें फायदे (Hindustan: 20210107)

https://www.livehindustan.com/lifestyle/story-amla-ka-juice-peene-ke-fayde-in-hindi-best-time-to-drink-amla-juice-know-benefits-according-to-ayurveda-3727791.html

आयुर्वेद में कुछ ऐसी चीजें बताई गई हैं जिनके नियमित सेवन से न सिर्फ विभिन्न रोगों से मुक्ति मिलती है बल्कि इससे त्वचा भी युवा बनी रहती है। इन आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक है आंवला। विटामिन-सी से भरपूर आंवला, हर मौसम में लाभदायक होता है। यह आंखों, बालों और त्वचा के लिए तो फायदेमंद है ही, साथ ही इसके और भी कई फायदे हैं, जो आपके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। अक्सर आंवला खासकर आंवला जूस के सेवन को लेकर कई लोग दुविधा में रहते हैं कि इसका सेवन कब करना चाहिए।

कब और कितनी मात्रा में पीना चाहिए आंवला जूस

सुबह खाली पेट आंवला जूस केवल 10 मिलीग्राम ही लें।बढ़ाकर 20 मिलीग्राम कर सकते हैं।इससे ज्यादा आंवला जूस का सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।अलग-अलग समय पर इसे दो बार में भी ले सकते हैं।

आंवला और इसका जूस पीने के फायदे-

-आंखों के लिए आंवला अमृत समान है, यह आंखों की रोशनी को बढ़ाने में सहायक होता है। इसके लिए रोजाना एक चम्मच आंवला के पाउडर को शहद के साथ लेने से लाभ मिलता है और मोतियाबिंद की समस्या भी खत्म हो जाती है।

-बुखार से छुटकारा पाने के लिए आंवले के रस में छौंक लगाकर इसका सेवन करना चाहिए, इसके अलावा दांतों में दर्द और कैविटी होने पर आंवले के रस में थोड़ा सा कपूर मिला कर मसूड़ों पर लगाने से आराम मिलता है।

-शरीर में गर्मी बढ़ जाने पर आंवल सबसे बेहतर उपाय है। आंवले के रस का सेवन या आंवले को किसी भी रूप में खाने पर यह ठंडक प्रदान करता है। हिचकी तथा -उल्टी होने की पर आंवले के रस को मिश्री के साथ दिन में दो-तीन बार सेवन करने से काफी राहत मिलेगी।

-चेहरे के दाग-धब्बे हटाकर उसे खूबसूरत बनाने के लिए भी आंवला आपके लिए उपयोगी होता है। इसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा साफ, चमकदार होती है और झुर्रियां भी कम हो जाती हैं।

इन चीजों के साथ सेवन करने के फायदे

-आवंला कूटकर पेस्ट के रूप में तैयार कर लें।दो चम्मच आंवला का गूदा और दो चम्मच शहद मिलाकर सुबह-शाम लें। जुकाम नहीं होगा, अगर है तो वह ठीक हो जाएगा।

-6-7 दिन तक खाली पेट एक चम्मच केवल आंवला जूस पिएं। इससे पेट के कीड़े मरेंगे।पेट साफ होगा।

-डायबिटीज़ की समस्या से जूझ रहे लोग भी आंवला जूस का सेवन कर सकते हैं।आंवला ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में कारगर है।

-पेशाब में जलन हो तो खाली पेट आंवला और शहद मिलाकर पिएं। राहत मिलेगी।

-खांसी के लिए भी आंवला काफी फायदेमंद है।आंवले का मुरब्बा दूध के साथ लें। खांसी में आराम मिलेगा।

-सफेद बालों को काला करने में आंवला कारगर है। नारियल के तेल में दो से तीन साबुत आंवला रात में भिगोकर रखें। सुबह में इस तेल की मालिश करें।बाल काले हो जाएंगे और मजबूत भी होंगे।

बर्ड फ्लू

देश में बढ़ रहा बर्ड फ्लू का कहर, जानें क्या है लक्षण और बचाव के उपाय (Hindustan: 20210107)

https://www.livehindustan.com/lifestyle/story-beware-the-risk-of-bird-flu-is-hovering-over-india-know-what-is-bird-flu-symptoms-prevention-and-precautions-in-hindi-3728722.html

कोरोना संक्रमण से जूझ रहे देश के लिए बर्ड फ्लू एक नया खौफ बनकर उभर रहा है। बर्ड फ्लू एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस (H5N1) की वजह से होता है। ये एक वायरल इंफेक्शन है जो संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले अन्य पक्षियों, जानवरों और इंसानों में फैलता है। देश के कई राज्यों में बर्ड फ्लू से

पक्षियों की मौत के बाद अब सरकारें अलर्ट हो चुकी हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर यह बर्ड फ्लू क्या है और इसके लक्षण और बचाव के क्या उपाय हो सकते हैं।

बर्ड फ्लू एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस (H5N1) की वजह से होता है। जो बेहद संक्रामक और कोरोना की तुलना में ज्यादा घातक बताया जाता है। इंफ्लूएंजा के 11 वायरस हैं जो इंसानों को संक्रमित कर सकते हैं। लेकिन इनमें से भी सिर्फ 5 ऐसे वायरस हैं जो इंसानों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। ये वायरस H5N1, H7N3, H7N7, H7N9 और H9N2 हैं। बर्ड फ्लू पक्षियों के जरिए इंसानों में फैलता है। इस वायरस में सबसे ज्यादा खतरनाक है H5N1 बर्ड फ्लू वायरस क्योंकि इसकी वजह से संक्रमित लोगों में से आधे से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

कैसे फैलता है बर्ड फ्लू-

बर्ड फ्लू नाम की बीमारी संक्रमित पक्षी के मल, नाक के स्राव, मुंह के लार या आंखों से निकलने वाली पानी के संपर्क में आने से फैलती है। इसके अलावा संक्रमित जगहों को छूने, संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने, कच्चा या अधपका मुर्गा-अंडा खाने वाले या संक्रमित मरीजों की देखभाल करने वाले लोगों को बर्ड फ्लू का खतरा बढ़ जाता है। यह वायरस संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले जानवर और मनुष्यों में आसानी से फैल जाता है। यह वायरस इतना खतरनाक है कि इससे मौत तक हो सकती है।

बर्ड फ्लू के लक्षण-

बर्ड फ्लू होने पर कफ, डायरिया, बुखार, सांस से जुड़ी दिक्कत, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, पेट दर्द, उल्टी, निमोनिया गले में खराश, नाक बहना, बेचैनी, आंखों में इंफेक्शन जैसी समस्या हो सकती है।

बर्ड फ्लू से कैसे करें बचाव-

बर्ड फ्लू से बचने के लिए विशेषज्ञ कई सावधानियां रखने की सलाह देते हैं जैसे-

-हाथों को 15 सेकेंड तक धोएं।

-हाथ ना धो पाने की स्थिति में सैनिटाइज का इस्तेमाल करें।

-पोल्ट्री फार्म में काम करने के लिए डिस्पोजेबल ग्लव्स पहनें और इस्तेमाल के बाद इन्हें नष्ट कर दें।

-छींकने या खांसने से पहले मुंह को अच्छे से ढक लें।

-भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।

Sugar and BP (Hindustan: 20210107)

https://epaper.livehindustan.com/imageview_557547_86250788_4_1_07-01-2021_2_i_1_sf.html

विशेषज्ञ ने कोरोना संक्रमण से बेहतर सुरक्षा के लिए वैक्सीन लगवाने को बेहद जरूरी बताया

शुगर-बीपी के मरीज सलाह लेकर टीका लगवाएं

हिन्दुस्तान हेल्पलाइन

वैक्सीन से जुड़े सवालों के जवाब दे रहे हैं एम्स मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर नवल किशोर विक्रम।

1. मुझे तीन साल से शुगर है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर भी ज्यादा रहता है। मुझे टीका लगवाने के कोई साइड इफेक्ट तो नहीं होगा? अनिल कुमार, वसुंधरा

अभी कोरोना वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल को मंजूरी मिली है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित मरीजों को भी टीका लगवाना चाहिए, लेकिन टीका लगवाने वाले मरीज की हालत स्थिर होनी चाहिए। ऐसे में कैंसर और मधुमेह के गंभीर मरीजों को अपने डॉक्टर की सलाह लेने के बाद ही कोरोना का टीका लगवाना चाहिए।

2. मुझे दो महीने पहले कोरोना संक्रमण हुआ था, क्या मुझे भी कोरोना वैक्सीन की जरूरत पड़ेगी? नूतन, पश्चिम विहार

जी हां, कोरोना से स्वस्थ हुए लोगों को भी टीके की जरूरत होगी। कोरोना संक्रमण से बेहतर सुरक्षा के लिए टीका बेहद जरूरी है। यह दोबारा संक्रमण के खतरे से बचाने में मददगार होगा। स्वस्थ होने के 14 दिन बाद ही टीका लगवाएं।

3. दो वैक्सीन को अनुमति दी गई है। इनमें से कौन सी वैक्सीन ज्यादा बेहतर है? -सौरभ, मयूर विहार

दोनों वैक्सीन को सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने के बाद ही सरकार ने अनुमति दी है। दोनों ही वैक्सीन सुरक्षित हैं।

अगर आपके मन में टीके से संबंधित कोई सवाल है तो आप हमें **hellohindustan@livehindustan.com** पर ईमेल कर सकते हैं। आपके सवाल को विशेषज्ञ के जवाब के साथ प्रकाशित किया जाएगा।

Longitudinal Aging Study of India (Hindustan: 20210107)

https://epaper.livehindustan.com/imageview_557546_86308254_4_1_07-01-2021_0_i_1_sf.html

रिपोर्ट : युवा देश भारत में तेजी से बढ़ रहे बुजुर्ग

नई दिल्ली | मदन जैड़ा

युवाओं के देश में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ रही है। एक नए अध्ययन के अनुसार, 60 वर्ष की आयु पार कर चुके लोगों की संख्या करीब 12.8% होने का अनुमान है। केरल में सबसे ज्यादा 19.6 , हिमाचल में 16.5 %, तमिलनाडु एवं पांडिचेरी में 16.4% तथा गोवा में 15 फीसदी आबादी 60 के पार हो चुकी है।

बुधवार को जारी लोंगीट्यूडनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में देश में 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की आबादी 12.8 फीसदी आंकी गई है, जबकि 2011 की जनगणना के समय यह प्रतिशत 8.6 फीसदी था। इस प्रकार महज सात वर्षों में इसमें चार फीसदी से भी अधिक की बढ़ोतरी हुई है। यदि आंकड़ों का विश्लेषण करें तो 2011 में देश में 60 से अधिक उम्र के 10.3 करोड़ लोग थे। जबकि मौजूदा समय में देश की आबादी 1.39 अरब होने का अनुमान है। ऐसे में बुजुर्गों की संख्या 17.7 करोड़ होने का अनुमान है। केरल जैसे जो राज्य आर्थिक रूप से और स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से बेहतर हैं, वहां बुजुर्ग तेजी से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बुजुर्ग आबादी में इजाफे के कारण डिपेंडेंसी रेशियो में भी बढ़ोत्तरी हुई है।



यहां राष्ट्रीय औसत से कम बुजुर्ग

15 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में बुजर्गों की आबादी राष्ट्रीय औसत 12.8 फीसदी से कम है। इनमें प्रमुख रूप से बिहार और मध्य प्रदेश में 12.1, हरियाणा में 11.5, राजस्थान में 11.1, उत्तर प्रदेश में 10.2 तथा दिल्ली में 8.3 फीसदी है।

Corona Virus Strain (Hindustan: 20210107)

https://epaper.livehindustan.com/imageview_557548_86259452_4_1_07-01-2021_3_i_1_sf.html

कोरोना वायरस का नया रूप 41 देशों तक पहुंचा

जिनेवा/नई दिल्ली | एजेंसी

चिंताजनक

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बयान जारी कर यह दावा किया
- भारत में इस नए स्वरूप से संक्रमित होने वाले 71 हो गए

विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि ब्रिटेन में मिला कोरोना वायरस का नया स्वरूप दुनिया के 41 देशों में दस्तक दे चुका है। 14 दिसंबर को ब्रिटेन सरकार ने घोषणा की थी कि देश में एक नए कोरोना वायरस ने दस्तक दिया है।

महज चार सप्ताह में इस नए रूप ने 41 देशों में अपना पांव पसार चुका है। दर्जनों देशों ने ब्रिटेन के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका तथा छह अन्य देशों में इसका वायरस के इस स्वरूप का पता चला था।

भारत में आंकड़ा बढ़ाः केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि ब्रिटेन में मिले सार्स-कोव-2 के नए स्वरूप से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या भारत में बढ़कर 71 हो गई है। मंत्रालय ने मंगलवार को बताया था कि नए स्वरूप के देश में 58 मामले हैं।

मंत्रालय ने बताया था कि इन सभी को संबंधित राज्य सरकारों ने स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में एक कक्ष में पृथक वास में रखा हुआ है। स्थिति पर निगरानी बढ़ाने, नियंत्रण, जांच तथा नमूनों को प्रयोगशालाओ में भेजने के लिए राज्यों को सलाह दी जा रही है।

हरियाणा में दस्तकः ब्रिटेन से कोरोना का नया स्वरूप अब हरियाणा में भी पहुंच गया है। वहां से आए हरियाणा के चार लोगों में नया स्ट्रेन मिला है। इनमें करनाल में दो, रेवाड़ी, गुड़गांव में एक-एक मरीज है। यह जानकारी खुद स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक एसबी कंबोज ने दी है।

Maternal and child health

NFHS data shows several maternal and child health interventions have led to improved outcomes (Hindustan: 20210107)

https://indianexpress.com/article/opinion/columns/early-nfhs-5-data-indicates-several-maternal-and-child-health-interventions-have-led-to-improved-outcomes-7135833/

Though overall trends do suggest an improvement in population control, use of modern contraception, reproductive and child health, immunisation and social determinants of health, a complete overhaul is needed to identify and address the multidimensional aspects of child malnutrition.

While states have shown an increase in exclusive breastfeeding and adequacy of diets, about half of them have shown an increase in rates of malnutrition, wasting and underweight children.

Population-based surveys form the bedrock of the country's health information systems. Use of accurate and nationally representative data can be instrumental in policy planning, programme design, health system monitoring and management of financial and human resources. Hence, the release of the National Family Health Survey-round 5 (NFHS-5), which covers about 6.1 lakh sample households to provide estimates for 707 districts, serves as a litmus test to evaluate India's prospects for achieving improved health and well-being for its population. In the first phase, data from 22 states and UTs has been released from the latest survey conducted in 2019-2020.

The biggest highlight comes from the data on Total Fertility Rate (TFR), which has come down to 2.1 or below (replacement level) in all states and UTs, except Bihar (3), Meghalaya (2.9) and Manipur (2.2). This finding is substantial given India's longstanding investment in population control, which has also been instrumental in our poverty alleviation efforts. This correlates with the data on the overall use of modern methods of contraception, which has increased in 20 out of 22 states, though female sterilisation continues to be the most dominant method. Since universal uptake of contraception in developing countries may take more time, other socio-demographic variables like age at marriage play an equally important role in reducing fertility rates. The data show that the number of women marrying before the legal age has fallen in 17 out of 22 states and UTs, with Nagaland, Maharashtra, Jammu & Kashmir and Sikkim as the top performers. Also, indicators on teenage marriage and childbearing have improved in 17 states/UTs.

In terms of antenatal care, 17 of 22 states/UTs saw an increase in ANC visits during the first trimester with Nagaland, Bihar and West Bengal demonstrating the highest increase. But when we look at the data on interventions for anaemia reduction in mothers, consumption of IFA tablets by pregnant women for 180 days or more has increased in almost all states/UTs

(except Karnataka), though this has not resulted in a parallel reduction in anaemia levels among pregnant women. These findings do reflect the need to consider complementing IFA tablets with the provision of more natural sources of iron, folic acid and other micronutrients in the diet.

A case where maternal and child health interventions have translated into improved health outcomes is the uptake of institutional deliveries. According to the WHO, nearly 3/4th of the neonatal deaths are attributable to preterm births, intrapartum complications and sepsis — most of which can be addressed through appropriate medical care at the time of delivery. In this regard, there has been a consistent increase in institutional delivery, with 14 out of 22 states and UTs having more than 90 per cent of newborns being delivered in institutional facilities. Similarly, 14 out of 22 states/UTs have seen a decline in neonatal mortality.

While women's empowerment is a wide construct, indicators like household decision making, control over personal hygiene choices and assets like bank accounts and mobile phones are good proxies for evaluation. As per the NFHS-5 data, majority of women (80 per cent) participated in at least three household decisions. More than 64 per cent of younger women in each of the 22 states/UTs, except Bihar at 59 per cent, are now using hygienic methods of protection during menstruation. More women now own a personal mobile phone and the percentage of women with bank accounts has jumped to over 70 per cent across each of the 22 states/UTs of India (except Nagaland) in 2019-2020.

It is heartening to see almost all states and UTs report a drastic increase in the number of households with a constructed toilet, improved drinking water as well as clean cooking fuel. All three indicators are critical in improving public health in India, especially for women. While indoor air pollution has been linked with major respiratory disorders with women being disproportionately affected, population-level coverage of sanitation facilities has been associated with a reduction of infectious disease like diarrhoea, which can take a substantial toll on child mortality. Additionally, women are spending more time in school with the percentage of women who completed at least 10 years of schooling jumping by at least 6 per cent points in the past five years across states and UTs, except Daman & Diu and Tripura.

While states have shown an increase in exclusive breastfeeding and adequacy of diets, about half of them have shown an increase in rates of malnutrition, wasting and underweight children. To act upon the underlying determinants, we have to understand that indicators like stunting, for example, can be multifactorial. Stunting can be affected by variables like indicators of the mother a child is born to, economic situation of the household, adequacy of diets, water and sanitation facilities, as well as interventions for nutrition promotion and health. An encouraging example is from Bihar, which has shown a decline of stunting rates by about 5.4 per cent points over the past five years.

At the same time, NFHS-5 data also show an increase in the rates of obesity in children and risk factors for chronic diseases in adults like hypertension and blood glucose, which represent the flip slide of the malnutrition problem.

In conclusion, we should fall short of generalising these results for the country both because data from phase 2 is yet to come and summary figures may overlook how contextual health and nutritional outcomes of the population can be. Though overall trends do suggest an improvement in population control, use of modern contraception, reproductive and child health, immunisation and social determinants of health, a complete overhaul is needed to identify and address the multidimensional aspects of child malnutrition.

Air pollution

Air pollution raises risk of pregnancy loss in India, south Asia: Lancet study (Hindustan Times: 20210107)

https://www.hindustantimes.com/india-news/air-pollution-raises-risk-of-pregnancy-loss-in-india-south-asia-lancet-study/story-Gfnrtiq4OnCDrtX52bSeEL.html

An estimated 349,681 pregnancy losses per year in south Asia were associated with exposure to PM2.5 concentrations, accounting for 7% of annual pregnancy loss in the region from 2000-2016

Poor air quality is associated with a considerable proportion of pregnancy loss in India, Pakistan, and Bangladesh, according to a modelling study published in The Lancet Planetary Health journal, which says such losses are more common in north India and Pakistan.

An estimated 349,681 pregnancy losses per year in south Asia were associated with exposure to PM2.5 concentrations that exceeded India's air quality standard (more than 40 $\mu g/m^3$), accounting for 7% of annual pregnancy loss in the region from 2000-2016, the study says.

For air pollution above WHO air quality guideline, exposure may have contributed to 29% of pregnancy losses. Although WHO's guidelines aim for a safer level of air pollution, the authors note that India's standard is a more realistic target level, given the high average levels of air pollution in the region and the need to balance practical governance and public health.

